संपादकीय

संकट की तपिश

दो साल की महामारी की त्रासदी से उबरने की कोशिश में जुटी दुनिया एक बार फिर महाशक्तियों की महत्वाकांक्षाओं से उपजे संकट में झुलसने को अभिशप्त है। इतिहास को नये सिरे से लिखने पर आमादा महत्वाकांक्षी रूस ने जिस बड़े पैमाने पर यूक्रेन की सीमा पर सेना का जमावड़ा किया था, उससे युद्ध की आशंका बलवती हुई थी। रूस की फिर से महाशक्ति बनने की कोशिशों से तिलमिलाए अमेरिका और पश्चिमी देश तो कब से युद्ध की भविष्यवाणी कर रहे थे। जाहिर है यूक्रेन सीमा पर डेढ़ लाख से अधिक रूसी सैनिकों व भारी हथियारों की तैनाती और बेलारूस में रूसी सैनिकों का अभ्यास कुछ ऐसी ही आशंकाओं को पुष्ट कर रहा था। जहां ताकतवर होते रूस की आकांक्षा कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहे सामरिक महत्व के यूक्रेन को अपने प्रभाव में लाने की रही है, वहीं अमेरिका-ब्रिटेन समेत यूरोपीय देश उसे नाटो का हिस्सा बनाने पर आमादा हैं। एक दशक पूर्व रूस समर्थित सरकार के यूक्रेन में पतन के बाद वहां अमेरिका व यूरोपीय यूनियन के देशों का वर्चस्व बढ़ा है। ये देश यूक्रेन को नाटो का हिस्सा बनाने की कूटनीति खेल रहे थे, तो रूस ने साफ कह दिया कि यह उसे स्वीकार्य नहीं है। रूस की सीमा से लगे यूक्रेन का नाटो संगठन में शामिल होने का मतलब है इस संगठन की मास्को तक पहुंच आसान होना। बहरहाल, यूक्रेन में विद्रोहियों के वर्चस्व वाले दो प्रांतों को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने के बाद यह विवाद और तेज हो गया है। रूस ने कहा है कि इन इलाकों में शांति स्थापना के लिये रूसी सेना भेजी जायेगी। जाहिर है पश्चिमी देश इसे यूक्रेन पर अपरोक्ष हमला मान रहे हैं। इन हालात में कब युद्ध की लपटें उठने लगें, कुछ कहना मुश्किल है। कुछ यूक्रेनी सैनिकों को रूसी सेना द्वारा मार गिराये जाने के बाद मामला ज्यादा संवेदनशील हो गया है। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्र की बैठक भी हुई है और ब्रिटेन ने कुछ रूसी बैंकों पर प्रतिबंध की शुरुआत कर दी है। ऐसे ही प्रतिबंधों की बात अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के देश भी कर रहे हैं। दरअसल, ये देश रूस समर्थक अलगाववादियों के दबदबे वाले दो प्रांतों डोनेत्स्क और लुहान्स्क को अलग देश का दर्जा दिये जाने को रूसी हमला मानकर चल रहे हैं। वहीं रूस सुरक्षा परिषद की भी अनसुनी करके सेना हटाने को तैयार नजर नहीं आता। पुतिन ने हाल ही में कहा है कि रूस बातचीत को तैयार है लेकिन अपने देश के हितों की अनदेखी नहीं करेगा। वहीं अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के जानकार इसे रूस-यूक्रेन विवाद के बजाय अमेरिका व रूस की महत्वाकांक्षा का टकराव मानकर चल रहे हैं। बहरहाल, इस टकराव से सारी दुनिया पर असर पड़ने वाला है। कच्चे तेल के दामों में अभूतपूर्व उछाल से कोरोना संकट से उबरने की कोशिश में लगे विकासशील व गरीब मुल्कों की अर्थव्यवस्था पर इसका घातक असर पड़ेगा। पेट्रोलियम पदार्थों व गैस के दामों में उछाल से जो महंगाई बढ़ेगी, उससे सामाजिक असंतोष बढ़ने की आशंका है। यदि वाकई युद्ध छिड़ता है और युद्ध में नाटो की भूमिका बढ़ती है तो यह मानवता के लिये नया संकट ही होगा। ऐसे में भारत ने संयुक्त राष्ट्र परिषद में तनाव कम करने के लिये कूटनीतिक प्रयासों पर बल दिया है। लेकिन लगता नहीं कि महाशक्तियां इस सलाह को सुनने को तैयार हैं, यह जानते हुए भी कि युद्ध से सिर्फ तबाही और मानवीय त्रासदी ही हासिल होती है। लेकिन यह स्थिति भारत के लिये धर्मसंकट जैसी है। रूस भारत का भरोसेमंद सहयोगी रहा है और रक्षा मामलों में भारतीय निर्भरता बढ़ी है। यदि भारत रूस के निर्णय का विरोध करता है तो चीन रूस के करीब आ जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की संकट काल में रूस की यात्रा को भारत विरोधी कूटनीतिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। हाल ही के दिनों में सामरिक हालात के चलते भारत जरूर अमेरिका के करीब आया है, लेकिन इस संकट ने भारत के सामने दुविधा की स्थिति खड़ी कर दी है।

श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में भारत ने दर्ज की आसान जीत

लखनऊ। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (89) और श्रेयस अय्यर (57 नाबाद) की तूफानी पारी के बाद भुवनेश्वर कुमार (नौ रन पर दो विकेट) और यजुवेन्द्र चहल (11 रन पर एक विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने गुरूवार को पहले टी-20 मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 62 रनों से आसान जीत दर्ज की।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर अनुभव और युवा जोश से भरपूर भारतीय टीम ने खेल के हर विभाग में मेहमान टीम के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करते हुये तीन मैचों की श्रृखंला में 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। टास हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुये भारत ने दो विकेट पर 199 रन बनाये और मेहमान टीम को जीत के लिये 200 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया जिसके जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी।

ईशान किशन (89) की आतिशी अर्धशतकीय पारी और कप्तान रोहित शर्मा (44) के साथ 111 रन की शतकीय भागीदारी ने भारत को मजबूत शुरूआत दी जिसमें बाद में श्रेयस अय्यर की कातिलाना (57 नाबाद) रनों की पारी ने तडक़े का काम किया जो मेहमान टीम को दवाब में लाने का सबब बना।

विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को पहला झटका मध्यम तेज गेंदबाज भुवेनश्वर कुमार ने पारी की पहली गेंद पर दिया जब पथुम निशांका क्लीन बोल्ड होकर पवेलियन लौट गये। कुमार ने अपने दूसरे और पारी के तीसरे ओवर कामिल मिशारा (13) के तौर पर एक और झटका दिया। मिशारा बाहर जाती गेंद को छेडऩे के प्रयास में मिड विकेट पर खड़े रोहित शर्मा के हाथों आउट हुये। दवाब में आयी श्रीलंका को भारतीय गेंदबाजों ने उबरने का मौका नहीं दिया और जनिथ लियानगे (11), दिनेश चांदीमल (10) और दसुन सनाका (3) का विकेट झटक कर भारत की जीत को आसान करने की रूपरेखा तैयार कर दी।

इस बीच दूसरे छोर पर डटे चारिथ असलंका (53 नाबाद) ने पांच चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। उनके साथ चमका करूणारत्ने (21) और दुशंमथा चमीरा (24 नाबाद) ने टीम की हार के अंतर को कम करने का भरपूर प्रयास किया। गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से गदगद कप्तान रोहित शर्मा ने अपने सात गेंदबाज आजमाये जिसमें पदार्पण मैच खेल रहे दीपक हुड्डा भी शामिल रहे हालांकि 24 रन देने के बाद भी उन्हे विकेट के लिये अगले मैच का इंतजार करना पड़ेगा।

इससे पहले रोहित और ईशान की सलामी जोड़ी ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया। झारखंड के धाकड़ बल्लेबाज ईशान को रोकने के लिये श्रीलंका के गेंदबाजों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही थी। पूरी लय में खेल रहे ईशान ने विदेशी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुये मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट जमाये। उन्होने टी-20 करियर का अपना दूसरा अर्धशतक मात्र 30 गेंदो में दो छक्के और छह चौकों की मदद से पूरा कर लिया। इस बीच उन्हे एक जीवनदान भी मिला।

यूलर मोटर्स क्षमता विस्तार पर करेगी 200 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी यूलर मोटर्स ने अगले बारह महीने में क्षमता विस्तार पर 200 करोड़ रुपए निवेश करने की आज घोषणा की।

कंपनी ने कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर में अपनी दो मौजूदा सुविधाओं में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए उन्नत अत्याधुनिक शॉप फ्लोर विकसित करने के उद्देश्य से अगले 12 महीनों में 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वह अपनी पेटेंट लिच्डि-कूल्ड बैटरी पैक तकनीक के लिए एक स्वचालित बैटरी लाइन भी स्थापित करेगी।

उसने बताया कि वर्ष 2022 के मध्य तक अपनी उत्पादन क्षमता को प्रति माह 3,000 वाहन तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी वर्तमान में दिल्ली में अपने एकीकृत अनुसंधान एवं विकास और कॉर्पोरेट कार्यालय से संचालित होती है, जहां प्रति वर्ष 4000 वाहनों की उत्पादन क्षमता है। अब वित्त वर्ष 2023 के अंत तक उत्पादन क्षमता 35,000 इकाई करने की है।

कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव कुमार ने कहा, बेहतर भार क्षमता, शक्तिशाली प्रदर्शन और उच्च रिटर्न के कारण हाईलोड के प्रति ग्राहकों की प्रतिक्रिया उत्कृष्ट रही है। हाईलोड की अपने लॉन्च के बाद से ही खुदरा और ई-कॉमर्स के साथ-साथ पूरे भारत के बाजारों में मांग रही है।

केयर्न को कर विवाद में समाधान के तौर पर भारत से मिले 7,900 करोड़ रुपए'

नई दिल्ली। ब्रिटेन की तेल उत्खनन कंपनी केयर्न एनर्जी (अब कैप्रिकॉर्न एनर्जी) ने कहा कि उसे भारत से कर रिफंड के रूप में 7,900 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। पिछली तिथि से प्रभावित आयकर कानून के तहत सरकार ने कंपनी से कर की वसूली की थी, जिसको लेकर उसके साथ लंबा विवाद चला था और उसने अंतरराष्ट्रीय पंचनिर्णय अदालत की कार्रवाई में डिक्री हासिल की थी।

कंपनी ने विज्ञप्ति में कहा, कैप्रिकॉर्न को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उसे भारत से 79 अरब रुपए के कर रिफंड की प्राप्ति अब हो चुकी है और इस तरह उसे शुद्ध रूप से 1.06 अरब डॉलर की राशि मिल गयी है।

केयर्न ने भारत के साथ लंबे समय से चल रहे कर संबंधि विवाद को भारत में पिछले साल पारित उस नए अधिनियम के तहत समाप्त करने का फैसला किया, जिसमें पिछली तारीख से प्रभावी विवादास्पद कर कानून के तहत जारी वसूली के नोटिसों को रद्द कर दिया गया है।

श्रीलंका को पहला टी20 हराते ही रोहित शर्मा ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

मुंबई। टी20 इंटरनेशनल में भारत जीत के रथ पर सवार है। इस रथ के नए सारथी हैं रोहित शर्मा, यानी टीम इंडिया के कप्तान, जिन्होंने अब एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ये उपलब्धि उन्होंने कप्तानी के मामले में हासिल की है। रोहित शर्मा को ये बड़ी कामयाबी श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में खेला पहला टी20 जीतते ही हाथ लगी। भारत ने पहले टी20 में श्रीलंका को 62 रन से हराया। पहले खेलते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में 199 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की पारी 137 रन पर ही थम गई। इस तरह से भारतीय टीम 3 मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की लीड लेने में कामयाब रही।

अब आप सोच रहे होंगे कि भारत की जीत में कप्तान रोहित शर्मा के नाम जुड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड क्या है। तो ये वर्ल्ड रिकॉर्ड घरेलू पिच पर सर्वाधिक मुकाबले जीतने से जुड़ा है। मतलब टी20 में अपनी घरेलू जमीन पर सबसे सफल कप्तान कौन है? और, इसका जवाब अब हैं रोहित शर्मा।

श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में खेला पहला टी20 घर में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेला 16वां टी20 था। इन 16 टी20 में भारत ने 15 जीते हैं और सिर्फ 1 मुकाबला गंवाया है। यानी, लखनऊ में श्रीलंका पर जो जीत मिली वो 15वीं जीत रही। रोहित शर्मा की ही तरह इंग्लैंड के कप्तान ऑएन मॉर्गन और केन विलियमसन के भी नाम अपने घरेलू जमीन पर 15 जीत दर्ज हैं, लेकिन, उसके लिए उन्होंने रोहित से ज्यादा मैच खेले हैं। मॉर्गन ने जहां 25 मैच में 15 जीत दर्ज की है, वहीं विलियमसन ने 30 मैच में 15 जीत। रोहित शर्मा ने भारत के लिए अब तक ऑवरऑल 26 टी20 मैचों में कप्तानी की है। इन 26 मैचों में से 22 में भारत जीता है। रोहित की अगुवाई में श्रीलंका पर भारत की ये 5वीं जीत रही, जो उसने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम पर दर्ज की। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने सबसे ज्यादा 6 जीत वेस्ट इंडीज के खिलाफ दर्ज की है। इसके अलावा बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ 5-5 मैच जीते, वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1 टी20 जीता।

32 वर्षीय सैरेल इरवी ने ठोका अपना पहला शतक, दक्षिण अफ्रीका ने तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका और मेजबान न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट आज से क्राइस्टचर्च में शुरू हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 238 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय रासी वेन डेर डूसेन 13 और तेम्बा बवूमा 22 रन बनाकर नॉटआउट हैं। पहले दिन का खेल पूरी तरह से 32 साल के सैरेल इरवी के नाम रहा, जिन्होंने अपने दूसरे मैच में ही अपने करियर का पहला और शानदार शतक जड़ दिया। इरवी ने 188 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। उन्होंने 222 गेंदों का सामना करते हुए 14 चौके लगाए और 108 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने इसी मैदान पर पिछले सप्ताह टेस्ट में डेब्यू किया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान डीन एल्गर और इरवी ने पहले विकेट के लिए 219 गेंदों पर 111 रनों की शतकीय साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका के लिए पिछली 34 मैचों की 16 पारियों में यह पहली शतकीय साझेदारी है। वहीं, घर के बाहर 10 साल बाद यह पहली शतकीय साझेदारी है। एल्गर ने 41 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद इरवी ने एडेन मार्करम के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 88 रन जोड़े। मार्कर भी 42 रन बनाकर आउट हुए।

वोडाफोन बेच सकती है इंडस टावर्स में अपनी कुछ हिस्सेदारी

नई दिल्ली। ब्रिटिश टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम टावर कंपनी इंडस टावर्स में अपनी कुछ हिस्सेदारी बेच सकती है। वोडाफोन ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया है कि वह इंडस टावर्स में 7.1 फीसदी भाग बेच सकती है।

वोडाफोन भारत के दूरसंचार बाजार में निजी क्षेत्र की तीसरी बड़ी कंपनी वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह के साथ भागीदार है। वोडाफोन टावर कंपनी में अपने 2.4 प्रतिशत शेयर (6.36 करोड़ शेयर) शेयर बाजार में ब्लाक डील के माध्यम से बेचने जा रही।

इसके अलावा वह इंडस टावर्स में 4.7 प्रतिशत शेयर एक कंपनी को बेचने की बात कर रही है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि जिस कंपनी से यह बातचीत चल रही है वह इंडस टावर्स के बड़े शेयरधारकों में एक है। इससे उसे लगभग 3300 करोड़ रुपए मिल सकते हैं।

गौरतलब है कि भारती एयरटेल देश इस टावर कंपनी में सबसे बड़ी भागीदार है, जिसके पास वर्तमान स्थिति में इंडस की 42 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

वोडाफोन ने वित्तीय दबाव में चल रहे भारत के अपने संयुक्त उद्यम बोडाफोन-आइडिया को समर्थन बनाए रखने की प्रतिबद्धता जाहिर करती रही है। वह इंडस टावर्स के शेयर सौदे से मिली पूंजी को वोडाफोन-आइडिया के विकास में लगा सकती है। इंडस टावर्स भारत की सबसे बड़ी टेलिकॉम टावर कंपनी है, जिसके सभी 22 टेलीकॉम सर्कल्स में 1.8 लाख से अधिक टावर हैं।

रजनीकांत के थलाइवार 169 में ऐश्वर्या की एंट्री

ऐश्वर्या राय बच्चन और रजनीकांत की जोड़ी आपने बड़े पर्दे पर देखी ही होगी और अगर नहीं देखी तो एक बार फिर यह जोड़ी आपको सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई दे सकती है। दरअसल, चर्चा है कि रजनीकांत अपनी अगली बहुचर्चित फिल्म थलाइवार 169 में ऐश्वर्या के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। यह वही फिल्म है, जिसकी घोषणा पिछले हफ्ते हुई है। रिपोर्टों के मुताबिक, साउथ के भगवान कहे जाने वाले रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवार 169 में ऐशवर्या लीड हीरोइन की भूमिका निभा सकती हैं। कहा जा रहा है कि निर्माता रजनीकांत के साथ ऐश्वर्या को लेने के पूरे मूड में हैं। उन्हें उम्मीद है कि फिल्म की कहानी के हिसाब से रजनीकांत और ऐश्वर्या की जोड़ी बिल्कुल फिट बैठेगी। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

बीती 10 फरवरी को निर्माताओं ने एक वीडियो रिलीज कर इस प्रोजेक्ट की जानकारी दी थी। वीडियो में रजनीकांत और नेल्सन दिलीप कुमार के साथ म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर भी नजर आए। अनिरुद्ध फिल्म के गाने कंपोज कर रहे हैं और नेल्सन फिल्म के निर्देशक हैं, जिन्हें बीस्ट और डॉक्टर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए जाना जाता हैं। इस फिल्म को सन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। यह सुपरस्टार रजनीकांत के करियर की 169वीं फिल्म है।

कई परियोजनाओं को लेकर काफी व्यस्त है नागा चैतन्य

अभिनेता नागा चैतन्य, विक्रम कुमार के निर्देशन में थैंक यू नामक एक फिल्म प्रोजेक्ट पर काम करने में व्यस्त हैं। अभिनेता अपने करियर के सुनहरे दिनों का आनंद ले रहे है। सूत्रों के मुताबिक नागा चैतन्य जल्द ही एक प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं, जो एक वेब सीरीज है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन खबर है कि चैतन्य जल्द ही प्राइम वीडियो सीरीज की शूटिंग शुरू करेंगे।

वेब सीरीज के अलावा चर्चा है कि नागा चैतन्य की पांच से ज्यादा डायरेक्टर्स से बातचीत चल रही है। अभिनेत्री नंदिनी रेड्डी, जो अपनी फिल्मों आला मोडलैंडी और ओह बेबी के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने जाहिर तौर पर चैतन्य को एक कहानी सुनाई है। सूत्रों के मुताबिक नेनु शैलजा फेम किशोर तिरुमाला, श्याम सिंघा रॉय के डायरेक्टर राहुल सांकृत्यान और वेंकट प्रभु की बातचीत चैतन्य से हो रही है।

आज का राशिफल

मेष: आज आपकी मन: स्थिति बारंबार बदलती हुई महसूस होगी। मन:स्थिति में स्थिरता न रहने से अस्वस्थता का अनुभव होगा। इसके कारण आपकी पूर्णता को प्राप्त हुए कार्य के बिगडऩे की भी संभावना है।

वृषभ: ग्रहों की प्रतिकूल परिस्थिति आज आपको किसी के साथ झगडऩे के लिए प्रेरित करेगी। इन सभी से तंग आकर दोपहर बाद आप अपने नौकरी, व्यवसाय को भूलकर पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ खूब आनंद में समय व्यतीत करेंगे।

मिथुन : आप भावनाओं को किनारे रखकर कार्य पर अधिक ध्यान देंगे। अपने आसपास के लोगों की मांगे पूरी करने में आपका समय व्यतीत होगा, परंतु आप जितनी अधिक मांगे पूरी करने का प्रयास करेंगे उतनी अधिक इच्छाए और मांगें बढऩे की संभावना हैं।

कर्क : आज का दिन आपके लिए अत्यंत अनुकूल है। आपके पास की कीमती वस्तुओं से आप आनंद और संतोष का अनुभव करेंगे। ऐसी संभावना है कि आप किसी के साथ प्रणय में बंध जाएंगे।

सिंह : आपके बेफिक्र स्वभाव के कारण आज खर्च में वृद्धि होगी। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने की सलाह है। दोपहर बाद नौकरी व्यवसाय में छोटे-छोटे प्रश्नों में आप उलझे रहेंगे।

कन्या : आज का दिन मिश्र भावनाओं का अनुभव कराने वाला होने की संभावना है। दोपहर बाद आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है। ठोस निजी संबंधों के बारे में आपकी स्वामित्वभावना आज प्रकट होगी।

तुला : आज का दिन आपके लिए निर्णायक और आश्चर्यजनक बना रहेगा। आपको उच्च अधिकारियों और बुजुर्गों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों का खूब अच्छा सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक: धंधे में भागीदारी से लाभ होगा परिवारजनों या मित्रों के साथ बाहर सुरुचिपूर्ण भोजन करने का अवसर मिलेगा। नई जगह और नए माहौल में आप अकेलापन महसूस करेंगे, परंतु थोड़े ही समय में आप उसमें अनुकूलता अनुभव करेंगे।

धनु: आज किसी भी विशेष घटना के बिना समान्य दिन होगा, जिसमें आप दैनिक प्रवृत्तियों में अपना समय व्यतीत करेंगे। आप अपने उत्तरदायित्व को अच्छी तरह निभा सकेंगे और समय से पूरा कर सकेंगे।

मकर: आप रोमांटिक मिजाज में होंगे, इसलिए अपने प्रिय व्यक्ति की तरफ आपका दिल ढलेगा और यदि परिणित होंगे, तो जीवनसाथी के साथ आनंदभरा सानिध्य प्राप्त करेंगा।

कुंभ : आज आप अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ बैठकर महत्त्वपूर्ण विषयों की चर्चा करेंगे। परिवार के सदस्य आपका दृष्टिबिंदु समझने का प्रयास करेंगे। दूसरी तरफ आप भी उनके प्रस्तुत किए निश्चित मुद्दों के साथ सहमत होंगे।

मीन : आज अपने विरोधियों को आपके समक्ष टिकना भारी पड़ेगा। विजय आपकी ही होगी। अत: चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। आपका स्वभाव दुश्मनी करने का नहीं है, परंतु आज कुछ परिस्थिति ही ऐसी बनेगी कि आपको विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

क्रिस्पी और स्वादिष्ट होती है 'सूजी की कचौरियां'

कुरकुरी और गरमा-गरम कचौरियां खाने का दिल हो तो बनाएं सूजी की कचौरियां। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी और बनाने का आसान तरीका।

सामग्री :- तेल- 2 चम्मच, जीरा- 1 टीस्पून, साबुत धनिया- 1/2 टीस्पून, सौंफ- 1/2 टीस्पून, हरी मिर्च बारीक कटी- 1, अदरक पीसा हुआ- 1/2 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, अमचूर- 1/2 टीस्पून, हींग- चुटकीभर, नमक- टीस्पून, धनिया बारीक कटी हुई- 2 टीस्पून, आलू उबले और मैश किए हुए- 2

आटे के लिए- पानी- 2 कप, अजवायन- 1/4 टीस्पून, नमक- 1/4 टीस्पून, तेल- 1 टीस्पून, रवा- 1 कप

विधि :- सबसे पहले कचौरियों के लिए आटा गूंथेंगे। इसके लिए एक बर्तन में दो कप पानी, अजवायन, नमक और तेल डालकर अच्छे से उबलने देंगे। जैसे ही एक उबाल आए इसमें रवा या सूजी डालकर लगातार चलाते रहेंगे। कुछ सेकेंड बाद इसे किसी दूसरे बर्तन में डालकर थोड़ा ठंडा होने के लिए रख दें। इसके बाद इसे तब तक गूंथेंगे जब तक कि ये हल्का सॉफ्ट न हो जाए। भरावन के लिए पैन में तेल गर्म करें। इसके बाद इसमें जीरे, सौंफ, हींग, साबुत धनिया डालें। जैसे ही ये कड़कने लगें तब इसमें हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट डालें। इसके बाद हल्दी, मिर्च पाउडर, गरम मसाला और अमूचर डालकर कुछ सेकेंड्स भूनेंगे। इसके बाद उबले और मैश किए हुए आलू और ऊपर से नमक डालें। सारी चीज़ों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और सबसे बाद में हरा धनिया डालें। अब इसकी छोटी-छोटी लोइयां बना लेंगे। इसके बीच में थोड़ी जगह बनाकर आलू वाला मिक्सचर भरकर चारों तरफ से दबाते हुए बंद कर दें। हल्का सा दबाकर थोड़ा चपटा कर दें। इसके बाद कड़ाही में तेल डालकर अच्छे से उसे गरम होने दें। कचोरियां डालते वक्त आंच को मीडियम कर दें और फिर उसमें इन्हें सुनहरा होने तक तलें। इन कचौरियों को आलू-टमाटर की सब्जी या हरी चटनी के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 361

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 360 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
वा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्जा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श	क्ल	■	न	मि	त	■	न

सू-दोकू- 361

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.360 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2